## खबर संक्षेप

### जिले में बीते वर्ष से अब तक कम बारिश

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 20 जुलाई 2024 प्रातः तक कुल 201.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 372.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 170.7 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 20 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 254.2 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 235.1 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 105.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 129.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 117.5 मिमी, बहोरीबंद मे 215.2 मिमी, स्लीमनाबाद में 248.0 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 307.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### अलग अलग हादसों में तीन लोग घायल

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में हुए हादसों में तीन लोग घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर फरार हुए चालकों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाने की पुलिस ने बताया कि दोपहर के समय चाण्डक चौक रोड पर सरमन लाल निषाद 57 निवासी इन्द्रानगर वार्ड नंबर 01 कुठला को लोडर क्रमाक एमपी 34 जी 0636 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मार दी। इधर कुठला थानांतर्गत शाम के समय चाका बाय पास पर शिवम ढाबा के सामने शिवकांत द्विवेदी 43 निवासी करह थाना शाहपुर जिला मउगंज मप्र को ट्रक क्रमांक एमपी 21 एच 1077 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मार दी। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा थानांतर्गत सुबह के समय झिन्नापिपरिया में जुगल किशोर सोनी 33 निवासी ग्राम झिन्नापिपरिया को चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाकर टक्कर मार दी।

### खरीफ फसलों का मासांत तक करा सकते हैं बीमा

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 अंतर्गत कृषकों के लिए अपनी पटवारी हल्के में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा कराने तथा अऋणी कृषकों से 31 जुलाई 2024 तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंक सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंद्र (सीएससी), ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते है। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। खरीफ में अनाज एवं दलहन फसल के लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने सभी कृषकों से अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवाने का आग्रह किया है। जिससे असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### मारपीट की दो घटनाएं

**कटनी।** अलग अलग क्षेत्रों में मारपीट की दो घटनाएं हुई। जानकारी अनुसार कुठला थानांतर्गत दोपहर के समय मडिया मोड बड़खेड़ा बिलहरी में राजेश कुमार लोधी पिता उजयार 38 निवासी बड़खेड़ा के साथ नंद कुमार, सुजान लोधी, सुजान का लड़का व विपिन लोधी ने किसी बात पर विवाद कर गालीगलौज कर दी। जब उसने गालीगलौज पर विरोध जताया तो सभी ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है। इसी तरह बहोरीबंद थानांतर्गत सिद्ध महाराज ग्राम पौड़ी में बड़े भूमिया के साथ दुर्गेश भूमिया ने विवाद कर गालीगलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

### सुधार कार्य के लिए जैसे ही युवक विद्युत पोल पर चढ़ा, जोरदार करंट लगने से कट गई हाथ की उंगलियां

# विद्युत अधिकारियों की लापरवाही पड़ रही भारीः 10 दिनों में 5 हादसे, दो की मौत, 3 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खाम्हा में करंट लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया एवं उसके हाथ की उंगलियां कट गई । गंभीर हालत में उसे अस्पताल लाया गया सूत्र ने बतलाया कि खाम्हा गांव के ट्रांसफार्मर के पास से लाइट बंद थी ग्राम पंचायत सरपंच सुशील पाल के द्वारा ढीमरखेड़ा जूनियर इंजीनियर वीरेंद्र सिंह उइके से मोबाइल में बात किया और समस्या बताई अधिकारी ने कहा कि ठीक है आप किसी से लाइट बनवा लीजिए मुरवारी फीटर परमिट में है जैसे ही दादू पटैल लाइट बनाने के लिए खंभे में चढ़ा तो उसे जोरदार करंट लगा जिस कारण से घायल हो गया और उसके एक हाथ की उंगलिया कट गई गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। ढीमरखेड़ा क्षेत्र में आए दिन विद्युत विभाग की लापरवाही से विद्युत कर्मचारियों को करंट लगने के हादसे रोकने के नाम नहीं ले रहे



ढीमरखेड़ा से 10 किलोमीटर दूर खाम्हा गांव मे गुरुवार की शाम एक युवक 11 केवी लाइन में सुधार कर रहा था और करंट लगते ही खंभे से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया हादसा होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और घायल को तत्काल उमरिया पान अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों के द्वारा उपचार किया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार हो रहे हादसे से विद्युत विभाग की लापरवाही में प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं विद्युत विभाग सुधार कार्य करने के लिए परमिट देता हैं फिर विद्युत विभाग अपनी मर्जी से बिजली सप्लाई चालू बंद करता है ढीमरखेड़ा क्षेत्र में विगत चंद दिनों के



अंदर पांच हादसे हो चुके हैं जिसमें दो लोगों की मौत हो चुकी है और एक युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है

गौरतलब है कि बीते 10 जुलाई को उमरिया पान से 7 किलोमीटर दूर पिपरिया सहलावन में हुआ था 38 वर्षीय कालू पिता गोपीलाल कोल की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

दूसरा हादसा 14 जुलाई को ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम देवरी गांव में हुआ था 35 वर्षीय सनकुई निवासी कृष्ण कुमार पिता सोनेलाल पटैल की करंट लगने से मौत हो गई थी वही परिजनों ने सड़क पर शव रखकर चक्का जाम किया था तब विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपए तत्काल और 4 लाख रुपये 6 माह के बाद लिखित में मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया था तब कहीं जाकर परिजनों ने चक्का जाम प्रदर्शन समाप्त किया था।

तीसरा हादसा 18 जुलाई को ढीमरखेड़ा से 10 किलोमीटर दूर खाम्हा गांव में हुआ 42 वर्षीय दादू पटैल निवासी नैगवा 11 केवी लाइन में सुधार कार्य कर रहा था और करंट लगते ही धड़ाम से खंभे से नीचे गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवक को ग्रामीण तत्काल उमरिया पान अस्पताल लेकर पहुंचे जहां युवक पूरी तरह से झुलस गया, एक हाथ की उंगलियां जलकर कट गई, साथ ही जल भी गया और अंदरूनी चोटे आई हैं डॉक्टर के द्वारा युवक का उपचार किया जा रहा है हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण उमरिया पान अस्पताल पहुंचे ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों पर शराब के नशे में विद्युत सुधार के कार्य का आरोप लगाया इसीलिए इस तरह के हादसे लगातार हो रहे हैं अगर होश में सुधार कार्य किया जाए तो हादसे को टाला जा सकता है सूत्रों ने बतलाया कि इसी तरह की दो और छोटी-छोटी घटनाएं क्षेत्र में और भी हो चुकी हैं जो की प्राथमिक उपचार के बाद बाकी लोग सुरक्षित हैं जो बड़े हादसे के शिकार नहीं हुए हैं।

#### इनका कहना है

इस संबंध में चंचल गुप्ता सहायक अभियंता विद्युत विभाग ढीमरखेड़ा का कहना है कि जो हादसा हुआ है वह जांच का विषय है युवक किसके कहने पर सुधार कार्य कर रहा था टीम गठित कर पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही की जाएगी

### विद्यार्थियों के दक्षता संवर्धन के संबंध में हुई विस्तृत समीक्षा

## मिशन अंकुर के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत की अध्यक्षता में मिशन अंकुर कार्यक्रम अंतर्गत निपुण लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एफएलएन की कोर कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। एफएलएन कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों की अकादमिक प्रगति की जांच व सुधारात्मक क्षेत्र की पहचान हेतु जिला एक्शन प्लान के निर्माण हेतु कोर कमेटी टीम के समस्त सदस्यों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीईओ गेमावत ने शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।



समस्त प्राथमिक विद्यालयों में संचालित एफ एल एन कार्यक्रम की निर्धारित दक्षता उपलब्धि हेतु चर्चा के मुख्य बिंदु यथा : एफ एल एन शिक्षण सामग्री की उपलब्धता, पाठ योजना अनुसार शिक्षण संदर्शिका व अभ्यास पुस्तिका का एफ एल एन प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना, मेंटरिंग के दौरान प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स जन शिक्षकों द्वारा चिन्हित समस्याओं का निराकरण कर शिक्षकों को सुझावात्मक सुधारात्मक सहयोग प्रदान करना, राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित समय सारणी का पालन करते हुए एफएलएन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा ही शिक्षण कार्य करने पर बल,साथ ही छात्रों की शाला मे आधिकाधिक उपस्थित विद्यालय में सुनिश्चित कर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की जाए, एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से निर्धारित दक्षताओं की उपलब्धि स्तर में वृद्धि करने हेतु बिंदुओं पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। बैठक के दौरान समस्त प्राथमिक माध्यमिक शालाओं में छात्रों के नामांकन मे वृद्धि, पाठ्य पुस्तक वितरण, गणेश वितरण का लक्ष्य पूर्ण रूपेण सुनिश्चित करना, साथ ही आगामी माह में संपन्न होने वाली राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे परीक्षा NAS व ओलंपियाड परीक्षा में अधिकाधिक छात्रों की उपस्थिति हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा कर समीक्षा की गई।

बैठक में जिला परियोजना समन्वयक केके डेहरिया, निपुण प्रोफेशनल कु.शैलजा तिवारी, डाइट प्राचार्य एमपी डुंग डुंग, राजेंद्र कुमार असाटी वरिष्ठ व्याख्याता मौजूद रहे।

### शहर में विद्युत तारों का फैला मकड़जाल



शहरी क्षेत्रों में शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां विद्युत तारों का मकड़जाल न दिखाई देता है। एक एक पोल से कई कनेक्शन होने के चलते बिजली के तार दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। बिजली के खंभों से खींचे गए कनेक्शनों का मकड़जाल लोगों को हैरत में डाल देता है। नगर में कई जगहों पर बिजली के उलझे तार और तारों के झुरमुट शहर की सुंदरता बिगाड़ने के साथ खतरा भी उत्पन्न कर रहे हैं। इन तारों में शार्ट सर्किट होने से अक्सर आग लगती रहती है। इसके बावजूद विभाग इन तारों को बदलने की ओर से लापरवाह बना हुआ है।

## सुनारखेड़ा पहुंचकर एसडीएम ने लिया जायजा, पीड़ित परिवार से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सुनारखेडा में कै दस्त की शिकायत सामने आने पर एसडीएम विंकी सिंहमारे ने यहां के उल्टी-दस्त से पीड़ित परिवार से भेंट की। एसडीएम ने पूरे गांव में भ्रमण कर ये पता किया कि कोई और परिवार तो उल्टी-दस्त से पीड़ित तो नहीं है। लेकिन एस डी एम को सुनारखेडा में अन्य कोई परिवार उल्टी -दस्त से बीमार नहीं मिला। बीमारी और बीमारों के उपचार के प्रति प्रशासन सावधान और अलर्ट है। एस डी एम ने बताया कि ग्राम के सभी जलस्त्रोतों और हैंडपंपों में क्लोरीन दवाई डाली जा चुकी है। सरपंच, सचिव को गांव में साफ -सफाई के निर्देश दिए गए हैं। इधर कलेक्टर अवि प्रसाद को इस मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल सीएमएचओ डा आठ्या को सुनारखेडा गांव पहुंचने के निर्देश दिये।

कलेक्टर के निर्देश के बाद सीएमएचओ डा आठ्या सुनारखेडा पहुंचे। इसके पहले ही बीएमओ डा बी के



प्रसाद यहां स्वास्थ्य कर्मियों और जरूरी दवाइयों के साथ पहुंच गए थे। सीएमएचओ डा आठ्या ने बताया कि ग्राम सोनारखेड़ा में उल्टी-दस्त से कोल परिवार की 35 वर्षीय महिला पूजा कोल की एक्यूट रीनल फेल्योर से मृत्यु हो गई है। जबकि पूजा के पति रजनीश कोल का कछारगाव अस्पताल में उपचार जारी है। उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। वहीं रजनीश कोल का भानजा 11 वर्षीय अरूण कोल की तबियत ज्यादा खराब होने की वजह से बेहतर उपचार के लिए शासकीय एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय कटनी के लिए रेफर किया गया है।

### तेवरी के स्वीटकार्न खरीदने दूर दूर से आते हैं खरीदार

## जगह जगह सड़क किनारे सजी दुकानों में स्वीटकार्न का स्वाद लेने लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वीट कार्ट की रिकार्डतोड़ बिक्री के लिये जिले में अपनी एक अलग व खास पहचान बना चुका तेवरी के एनएच 7 का किनारा पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी एक बार फिर भुट्टे की सौंधी खुशबू से महक उठा है। मबारिश के खुशनुमा मौसम में तेवरी क्षेत्र में भुट्टा की जमकर बिक्री हो रही है। किसानों ने बताया कि बारिश के मौसम में लोग कुछ ज्यादा ही भुट्टे का स्वाद लेते हैं। तेवरी के भुट्टा किसानों ने बताया कि अब भुट्टा प्रदेश के साथ अन्य प्रदेशों में जा रहा है। एनएच के किनारे लगी दुकानों में भुट्टे की सुगंध से आकर्षित होकर लोग अपने वाहनों को रोक कर भुट्टे



का स्वाद लेने के लिए रुक जाते हैं।

किसान फसल की बोवनी अप्रैल के अंतिम सप्ताह में ही कर लेते हैं। इसका कारण यह है कि जल्दी फसल बोने से जून तक भुट्टा बाजार में आ जाता है और बारिश शुरू होते ही किसानों को उसके अच्छे दाम मिलते हैं। किसानों ने बताया कि दूसरे प्रदेशों में भी मांग जिले में होने वाले भुट्टे की मांग जबलपुर, रीवा, सतना सहित अन्य जिलों में हैं। किसानों ने बताया कि दूसरे प्रदेशों से भी व्यापारी खरीदी करने पहुंचते हैं। किसानों ने बताया कि यहां दूसरे प्रदेशों से भी व्यापारी खरीदी करने पहुंच रहे हैं। एनएच-7 पर बसे तेवरी में इन दिनों चारों ओर भुट्टे की फसल लहलहा रही है। सड़क किनारे लगे ढेरों को खरीदने दूर-दूर से व्यापारी पहुंच रहे हैं।

तेवरी सहित लिगरी, गुदरी, नैंगवां, बिचुआ, सलैया, छितरवारा, देवरीभार, भेड़ा सहित एक दर्जन गांव के किसान पहले पारंपरिक रूप से देशी भुट्टे की फसल लगाते थे। कृषि विभाग की पहल पर किसानों ने उन्नात किस्म के बीजों का उपयोग शुरू किया और जैसे-जैसे उसमें लाभ सामने आया, किसान उससे जुड़ते गए।

### बीमारियों से बचने के लिए करें उपाये, खानपान में बरतें सावधानी

## बरसात में संक्रामक बीमारियों से बचने एहतियात आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वर्तमान समय में बरसात में जलजनित बीमारी होने की संभावना होती है। बरसात में अक्सर दस्त, उल्टी, बुखार, आव, पेट दर्द, पेचिस, पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी बीमारियां होती हैं। बीमारी से बचने के लिए सावधान रहें। बीमार न हों, इसके उपाय करें एवं स्वस्थ्य रहें।

#### बीमारी से कैसे बचें

दस्त, उल्टी, बुखार, आव, पेट दर्द, पेचिस, पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी संक्रामक बीमारी से बचने के लिए ताजा भोजन करें। शुद्ध पानी पिएं (उबला पानी, आरो का पानी, फिल्टर का पानी, हेंडपंप का पानी पिएं) कुआँ, नदी, नाला का पानी ना पिये। पानी क्लोरिनेशन करके पियें। सड़ीगली सब्जी, फल, बासा खाना ना खायें एवं बरसात के दिनों मांस का सेवन ना करें। व्यक्तिगत स्वच्छता अपनायें। खानें की चीजों को छूनें से पहले साबुन से अच्छी तरह



हाथ धोएं। संक्रमित चीजों को छूने के बाद या शौंच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं। स्वच्छ शौचालय का उपयोग करें।

#### ये कर सकते हैं उपाए

डॉक्टर के परामर्श से उल्टी, दस्त के लिए टेबलेट फ्यूराजोलाडिन मेट्रोंजिन, डायकलोमिन, मेट्रोक्लोरापामाइड, जिंक ओ.आर.एस. का घोल, खीरा, दही, सिकंजी, चावल का पानी तथा तरल पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करें।

दस्त से संबंधित संक्रामक बीमारी होने पर नजदीकी अस्पताल जायें, ग्राम स्तर में आशा कार्यकर्ता डिपो होल्डर के माध्यम से जीवन रक्षक दवाइयां प्राप्त करें। बरसात के दिनों में वेक्टर जनित रोग जैसे- मलेरिया, डेंगू, चिकिनगुनियां, फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां होती है। गंदा पानी, नाली, गडढों में एकत्रित पानी से मच्छर के लारवा से अंडे पनपते हैं।मलेरियामादा एनाफिलिस मच्छर के काटने से मलेरिया होता है।

#### साफ पानी में पनपता है डेंगू लार्वा

डेंगू के लारवा साफ पानी में पैदा होता है। जैसे- कूलर, टूटे हुए टायर, टंकी में एडीज मच्छर के लावा पनपते हैं। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है।

#### इन चीजों का रखें ध्यान

इसका वायरस सीधे हड्डी पर अटेक करता है जिससे असहनीय दर्द होता है। डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया फायलेरिया से कैसे बचें- घर के आसपास की सफाई रखें, पानी इकट्ठा ना होने दें, गड्ढों को भरा जाये, टायर, कबाड़ समान ढक्कर रखें। इनमें पानी इकट्ठा नहीं होने दें। कूलर वा टंकी के पानी को एक सप्ताह में खाली करें। नीम का धुआं करें। शाम के समय खिड़की दरवाजा बंद रखें, रात्री में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरी अस्तीन के कपडे. पहने मच्छर भगाने वाले साधन जैसे- क्रीम, क्वाइल रिपेलेंट इत्यादि का उपयोग करें। बुखार आने पर तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र में जांच करायें।

बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर खून की जांच करायें एवं ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता के पास जाकर खून की जांच करायें एवं दवाइयां प्राप्त करें।



## मुरूम डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे थाना अंतर्गत पड़रिया गाँव में दो पक्षों में गाँव की एक सड़क पर मुरुम डालने को लेकर विवाद हो गया जिसमें दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ जिसमें दोनों पक्षों के 4 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार गांव का सरपंच राजकुमार बर्मन गांव की एक सड़क पर मुरुम डलवाने पहुँचा इसी बीच गाँव के ही महेश शुक्ला और उनका पुत्र गुड्डू जिस भूमि पर मुरुम डाली जा रही थी उसे अपनी पैतृक भूमि बताते हुए गाँव की ही धनिया केवट, नवलाल केवट हेमलता केवट से विवाद करने लगे जिसके बाद दोनों पक्षो में जम कर लाठी- डंडे चले। घटना में हेमलता को गंभीर चोटें आई है जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। एनकेजे पुलिस को घटना की सूचना मिलने के बाद वे घायलो को इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल पहुँचे थे। घटना की जांच पुलिस कर रही है।

## खबर संक्षेप



### 1300 हेक्टेयर जमीन पर स्थापित होंगे उद्योग

**बड़वारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के औद्योगिक विकास के संकल्प के अनुसार मध्यप्रदेश के जबलपुर में 20 जुलाई 2024 को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजन में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सम्मलित हुए। उन्होंने बड़वारा विधान सभा में लगभग 1300 हेक्टेयर जमीन में औद्योगिक इकाई लगाने की बात रखी औद्योगिक इकाई लगने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे एवम क्षेत्र के विकास को भी नया आयाम मिलेगा। विधायक ने बड़वारा क्षेत्र में मूंग एवम उड़द की खरीदी में हो रही समस्यायों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द निराकरण हेतु आश्वस्त किया।

### गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी।** दिगंबर जैन शिक्षण संस्था द्वारा संचालित जैन बोर्डिंग स्कूल, जैन मिडिल स्कूल, लॉर्ड महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल में भारत विकास परिषद कटनी शाखा द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद परिवार के राजेंद्र खंडेलवाल, धन्य कुमार गांधी, आशीष जैन, निलेश स्वर्णकार, आनंद चौदह, नयन बजाज, राहुल जैन, राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

### लेखा प्रशिक्षण 1 अगस्त से

**कटनी।** शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 01 अगस्त 2024 से से प्रारंभ किया जायेगा। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म. प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर लिया है ऐसे कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रशिक्षण हेतु आवेदन 23 जुलाई 2024 शाम 5 बजे तक इस कार्यालय में जमा किये जावेंगे। उक्त प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है एवं अर्ध शासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को म. प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क दो हजार रुपये का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

### छात्रवृत्ति के लिए दिव्यांग 31 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

**कटनी।** भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संचालित प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 30 जून 2024 से प्रारंभ हो चुकी हैं। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 निर्धारित की गई है। इसी तरह आगामी 31 अक्टूबर 2024 तक पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया जा सकता है। छात्रवृत्ति के संबंध में मार्गदर्शिका, पात्रता शर्ती राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर उपलब्ध है।

### वित्तीय सहायता योजना

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 'शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना' के अंतर्गत मप्र के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण-संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को वित्तीय सहायता योजनांतर्गत कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति की राशि एक हजार रूपए से अधिकतम रूपये 25 हजार रूपए स्वीकृत की जाती है। योजनांतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र छात्र छात्राओं के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया 30 जून 2024 से प्रारम्भ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि प्री. मेट्रिक हेतु 31 अगस्त 2024 एवं पोस्ट मैट्रिक हेतु 31 अक्टूबर 2024 निश्चित है।

## जिले में राजस्व महा अभियान 2.0 का क्रियान्वयन 31 अगस्त तक

# राजस्व अधिकारियों को मासांत तक आदेशों का अभिलेखों में अमल कर कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में क्रियान्वित हो रहे राजस्व महा अभियान 2.0 के तहत राजस्व न्यायालय आरसीएमएस में समय सीमा पर लंबित प्रकरणों नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दृष्टि का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैचुरेशन, समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने राजस्व महाअभियान 2.0 के संबंध में जारी दिशा-निर्देश व अवधि दरमियान क्रियान्वित विभिन्न गतिविधियों खसरों और नक्शे में अमल राजस्व सम्बन्धी सभी प्रकरण आरसीएमएस दर्ज कराने के निर्देश दिये है। ऐसे प्रकरण जो की अभी न्यायालय में ऑफलाईन प्रचलित है, अथवा किसी कारण से नम्बर से उतर गए हों, उन्हें आरसीएमएस पर दर्ज कराने के साथ ही राजस्व न्यायालय में नामांतरण, बंटवारे के आदेश पारित होने के बाद भी राजस्व अभिलेखों खसरा, नक्शे में आदेश का अमल नहीं हुआ है। सभी राजस्व न्यायालय इन आदेशों का अभिलेखों में अमल करते हुए उक्त कार्यवाही 31 जुलाई तक पूरी करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है।

### तहसील न्यायालयों का निरीक्षण

जिले में आयोजित हो रहे अभियान के दौरान अनुविभाग अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्राधिकार की सभी तहसीलों, का शत-प्रतिशत निरीक्षण पूर्ण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि तहसीलों और टप्पों में त्ब्डै की व्यवस्था विधिवत लागू है, इसके साथ ही न्यायालय में कोई भी प्रकरण ऑफलाइन नहीं है। पूर्व के सभी न्यायालयीन आदेशों का राजस्व अभिलेखों खसरा, नक्शे में अमल किया जा चुका है।

राजस्व अधिकारियों द्वारा 30 जून 2024 की स्थिति में समय सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हित किया जाकर नियमित सुनवाई कर नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। साथ ही प्राथमिकता से पुराने प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान प्राप्त अविवादित प्रकरणों का निराकरण भी अभियान अवधि में सुनिश्चित करने की कार्यवाही की जाएगी।

अभियान के दौरान 30 जून 2024 को समय-सीमा बाह्य के लंबित नामांतरण प्रकरणों (विवादित, अविवादित) का निराकरण सुनिश्चित करते हुए दर्ज प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही रिकार्ड में दर्ज मृत भू- स्वामियों के उत्तराधिकारियों के पक्ष में नामांतरण का प्रकरण दर्ज नहीं होने की दशा में उत्तराधिकार नामांतरण के प्रकरणों को भी दर्ज कर प्रकरणों का निराकरण करने की कार्यवाही की जाएगी। 30 जून 2024 को समय-सीमा बाह्य के लंबित बंटवारा प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करते हुए दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे भूमि की सीमा नक्शे में उपलब्ध होने पर विवादों का निराकरण किया जा सके।

30 जून 2024 को 06 माह की अवधि के लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

खसरा एवं नक्शा में एकरूपता नहीं होने से सम्बन्धित कृषकों को होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए खसरे में बटांकन होने तथा नक्शे में नही होने पर नामांतरण, बंटवारा आदेश के आधार पर यदि खसरे में तो बटांकन किया गया, परंतु उसकी तरमीम नक्शे पर अमल नहीं किये जाने से नक्शे में दिखाई देने वाली त्रुटि को ग्राम नक्शा में उपलब्ध खसरा बटांकन सूची के अनुसार भूलेख पोर्टल पर नक्शा बटांकन (मैप रेक्टिफिकेशन) मॉड्यूल के माध्यम से पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा नक्शे में तरमीम अमल का कार्य किया जाकर सुधार किया जायेगा। नक्शे के दो पार्सल में एक ही खसरा नंबर दर्ज है, जबकि नक्शा में प्रत्येक पार्सल पर एक यूनीक खसरा नंबर दर्ज होने की त्रुटि से खसरा एवं नक्शा लिंकिंग में समस्या होने और कम्प्यूटर खसरा नंबर का दोहराव होने संबंधी त्रुटि का सुधार भूलेख पोर्टल पर नक्शा संख्या अद्यतन (मैप नंबर, एट्रीब्यूट अपडेट) मॉड्यूल के माध्यम से पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा किया जाएगा।

# लापता 6 बालिकाओं को पुलिस ने किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**ऑपरेशन मुस्कान के तहत स्लीमनाबाद पुलिस ने की कार्रवाई**

लापता बालक बालिकाओं की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत बीते 15 दिनों में स्लीमनाबाद पुलिस ने थाना क्षेत्र से अचानक लापता हुई छह बालिकाओं को खोज कर उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया है। बालिकाओं की तलाश के लिए पुलिस के द्वारा बरती गई सक्रियता के कारण 6 परिवारों की खुशियां वापस लौट आई है।

थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि बिना बताए घर से लापता होने वाले बालक बालिकाओं की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में बालिकाओं की तलाश के लिए टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। थाना क्षेत्र से लापता हुई बालक बालिकाओं की क्लास करते हुए 5 जुलाई को एक 14 वर्षीय एवं एक 15 वर्षीय बालिकाओं को तलाश कर उनके परिवार के सुपुत्र किया गया। इसी तरह 18 जुलाई को एक 17 वर्षीय बालिका को तलाश कर परिवार के सुपुर्द किया गया। तीसरे मामले में थाना क्षेत्र से ही गायब हुई एक 17 वर्षीय बालिका को 15 जुलाई को तलाश कर उसे सुरक्षित परिवार के पास पहुंचाया गया। एक अन्य मामले में 19 जुलाई को 14 वर्षीय बालिका को तलाश करके परिवार से मिलाया गया।

बालिकाओं की तलाश के क्रम में 16 वर्षीय बालिका को 4 जुलाई को तलाश कर सुरक्षित उसके परिवार के पास पहुंचाया गया। अपनी बालिकाओं को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने स्लीमनाबाद पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। बालिकाओं की तलाश में थाना प्रभारी अखिलेश दहिया के साथ समस्त स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई है।

**स्व सहायता समूह की महिलाओं को दिया प्रशिक्षण**

# महिलाओं को जैविक कृषि पाठशाला की कार्यप्रणाली की दी गई जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देशन एवं मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी में संचालक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विकास खंडों से महिला स्व सहायता समूह की 35 महिलाओं को 6 दिवसीय कृषि सखी का प्रशिक्षण प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। कृषि सखियों को जैविक कृषि पाठशाला नैगवा का भ्रमण कराया गया जहां प्रशिक्षक रामसुख दुबे ने जैविक कृषि पाठशाला की कार्यप्रणाली को बतलाया। कृषि सखियों को बतलाया गया कि प्रशिक्षण के बाद ग्राम में कृषि पाठशाला सप्ताह में एक दिन लगाकर कृषि की उन्नत विधियों का प्रशिक्षण देकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण दिया जाए। ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद एवं कीटनाशक बनवाकर फसलों में प्रयोग करवाया जाए। इस दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोहन सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। इसके बाद तेवरी श्याम श्री गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तेवरी का भ्रमण कराया गया।

महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि वर्मी वाश का निर्माण तथा फसलों में उपयोग गौशाला प्रबंधन गोमूत्र एकत्रित करने का तरीका तथा गाय की विभिन्न नस्लों शंकर नेपियर घास संतुलित पशु आहार प्रकाश खाद एवं ईंधन के लिए बायोगैस संयंत्र तथा विभिन्न फसलों का अवलोकन प्रशिक्षक रामसुख दुबे एवं कृषक पवन कुमार पांडे द्वारा कराया गया।

संस्था के कर्मचारी सुनील रजक एवं कृषक उपस्थित रहे।

## टक्कर मारने के बाद टपरी में जा घुरी कार, 3 घायल



रंगनाथ थाना अंतर्गत कटाए घाट मोड़ आइस फैक्ट्री के पास एक कार मासूम को टक्कर मारते हुए चाय-पान की गुमठी में जा घुसी। इस घटना खिरहनी निवासी आकाश सिंह ठाकुर सहित 2 लोग घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक कार से उतर कर भाग निकला। घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। घायल आकाश सिंह ने बताया की यह अपनी साइकिल मे सवार होकर पांडे आईस फेक्ट्री की तरफ जा रहा तभी पीछे से इंडिका कार पहले धीमी चाल मे आ रही थी फिर अचानक एक दम से कार को रफ्तार बढ़ी और मेरे को पीछे से टक्कर मारकर सीधे चाय की टपरी जा घुसी जिसमे चाय की दो तीन लोग और बैठे थे इस हादसे मे एक युवक को और चोट आई है और दो लोग कार की रफ्तार देख तुरन्त ही वहाँ से बाहर की और कूद गए मौके और उपस्थित नागरिको की सहायता से घायलो को जिला अस्पताल भिजवाया गया और कार चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया।

# हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने के लिए वाहन चालकों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सड़क हादसों से बचने एवं यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस के द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से स्कूली बच्चों, युवाओं एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए बैनर लगाया गया। "मेरे पापा सेफ हैं और आपके" का संदेश लिए लगाए गए बैनर में गत वर्ष सड़क हादसे में करने वाले लोगों की संख्या भी दर्ज की गई। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा एवं उनके सहयोगी स्टाफ, यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नियमों के पालन की आवश्यकता समझाते रहे।

अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा जागरूकता अभियान चलते हुए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में आज शनिवार को सुभाष चौक पर जागरूकता अभियान चलायागया। इस दौरान पोस्टर के जरिए खासकर कि युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। उन्हें यह भी समझाने का प्रयत्न किया गया कि वह अपने घर के लोगों को सुरक्षा के विषय में सचेत करते हुए आवश्यक रूप से हेलमेट पहनकर और यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की समझाइस दें।

**रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र का मामला**

# आटो में छूट गया महिला का गहनों से भरा बैग, पुलिस ने खोज निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्टेशन से घर वापस लौटते समय एक महिला का सोने चांदी से भरा बैग ऑटो में ही छूट गया। परेशान महिला परिवार के साथ रंगनाथ नगर पुलिस के पास मदद के लिए पहुंची। महिला की परेशानी को समझते हुए बिना समय गंवाए रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव सहित पूरे स्टाफ ने ऑटो की तलाश के लिए पूरा जोर लगा दिया। काफी मशक्कत के बाद जब ऑटो और महिला का बैग सुरक्षित वापस मिला तब महिला के चेहरे पर आंसू भरी आंखों के साथ मुस्कान उभर आई। अपनी जमा पूंजी सुरक्षित वापस मिल जाने के बाद महिला एवं उसके परिवार वालों ने रंगनाथ नगर थाना प्रभारी सहित पूरे स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उनकी तत्परता के लिए शुभकामनाएं दी।

जानकारी के मुताबिक रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र निवासी सविता साहू नामक महिला शुक्रवार सुबह रीवा जबलपुर इंटरसिटी से यात्रा कर रही थी। कटनी रेलवे स्टेशन में उतरने के बाद वह ऑटो से घर जा रही थी। इस दौरान वह रास्ते में उतर गई, लेकिन ऑटो से एक बैग उतारना भूल गई, और ऑटो वहां से चला गया। बताया जाता है कि बैग में लगभग 10 तोला सोना व चांदी के जेवर रखे हुए थे।

कीमती जेवरातों से भरे बैग के ऐसे खो जाने के बाद महिला बौखला गई और परिवार के साथ अपनी पीड़ा लेकर सबसे पहले जीआरपी थाने पहुंची, जहां पर घटनाक्रम कोतवाली क्षेत्र का होने के कारण उसे वहां से कोतवाली थाने जाने की सलाह दी गई। जब वह परिवार सहित कोतवाली थाने पहुंची तो जांच में यह बात सामने आई की घटनाक्रम रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में हुआ है जिसके बाद उसे रंगनाथ नगर थाना जाने के लिए कहा गया।

महिला परिवार सहित जब रंगनाथ नगर थाने पहुंची तो वहां पर मौजूद थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने महिला की पीड़ा जानते हुए तत्काल ही पूरे स्टाफ को ऑटो की तलाश में लगाया। पूछताछ में महिला ने बताया कि छूटे बैग में लगभग 10 तोले सोने के जेवरात एवं चांदी के जेवरात और नगद रुपए रखे हुए हैं। काफी मशक्कत के बाद ऑटो को खोज निकाला गया और ऑटो में बैग सुरक्षित रखा हुआ मिला। ऑटो चालक एवं बैक को थाने लाकर महिला के सामने जब खड़ा किया गया तो महिला अपना बैग देखते ही नम आंखों के साथ खिल खिलाने लगी। बैग में सारे जेवरात एवं नगदी सुरक्षित मिलने पर महिला ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी, इसके साथ ही उसने ऑटो चालक को भी सुरक्षित बैग लौटने के लिए आभार व्यक्त किया। भूल वाश हुई इस घटना के कारण पुलिस ने ऑटो चालक को हिदायत देते हुए उसे भी वहां से जाने दिया।

## जिला सीईओ ने पीएचई विभाग के कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने शनिवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण कर नस्तियों के व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए। सीईओ श्री गेमावत ने शासकीय कार्यालय में कार्य की गुणवत्ता को बेहतर करने आम जनता को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के दृष्टिकोण आवश्यक निर्देश पीएचई के अधिकारियों को दिए।

जिला पंचायतके सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने सख्त लहजे में कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान नागरिकों द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर असंतोष और नाराजगी प्रकट होती है। सभी अधिकारी फील्ड विजिट कर प्रॉपर मॉनिटरिंग करते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। नागरिकों की समस्याओं को सचेत होकर जवाबदेही के साथ सुनकर तत्परता पूर्वक निराकरण हेतु परिणाम मूलक कार्रवाई करें। नागरिकों की समस्याएं प्राथमिकता से हल करने में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाए।

फाइलों के व्यवस्थित संधारण और बेहतर रखरखाव से फाइलों को ढूंढना नहीं पड़ेगा। फाइलें गुमेंगी नहीं और समय की बचत होगी। फाइलों के उचित प्रबंधन से अनावश्यक फाइलों का दबाव नहीं होगा। कार्यालय का वातावरण स्वच्छ और साफ सुथरा दिखेगा। वर्क कल्चर डेवलप होने से अनावश्यक भटकाव की स्थिति नहीं होगी। ऐसे निर्देश सीईओ श्री गेमावत ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री के के डामोर और अधिक अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### अभिलेखों को भी दुरुस्त रखें

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने निरीक्षण के दौरान शासकीय सेवकों के सेवा अभिलेखों और दस्तावेजों और व्यक्तिगत नस्तियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने लोक सेवकों के सेवा अभिलेखों को दुरुस्त रखते हुए अद्यतन प्रविष्टियां किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि शासकीय कर्मियों के लंबित प्रकरणों पर तत्परतापूर्वक परिणाम मूलक कार्रवाई करें।

# बिजली की अघोषित कटौती एवं लो वोल्टेज से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

खितौली ग्रामीण अंचल में बिजली की अघोषित कटौती एवं लो-वोल्टेज से ग्रामीण परेशान हैं। बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। उमस भरी गर्मी से ग्रामीण जन हलाकान हो रहे हैं। 24 घंटो में एक भी घंटे सही से विद्युत आपूर्ति नहीं रह पाती। बिजली आपूर्ति चालू व बंद होती रहती है। आती भी है तो लो-वोल्टेज रहता है। शिकायत के बाद भी बिजली का सुधार कार्य नहीं करवाया जा रहा।

करीब एक महीने से बिजली की समस्या बनी हुई है। ठीक तरह से बिजली आपूर्ति नहीं होने से किसान भी परेशान हैं। किसानों का कहना है कि बिजली की समस्या के चलते पंप नहीं चल रहे जिससे खेतों की सिंचाई हो सके। इसके अलावा आमजन भी परेशान है। गर्मी से राहत पाने कूलर, पंखे भी नहीं चल रहे। दूसरी ओर बिजली बिल मनमाने तरीके से भेजे जा रहे। एक तरफ बिजली की मार दूसरी तरफ पानी नहीं गिर रहा। बरसात के मौसम में जहरीले कीड़े मकोड़े, जंगली जानवरों का भय बना रहता है। बिजली विभाग की लापरवाही का शिकार हो रहे ग्रामीण का कहना है कि विभाग के जिम्मेदार फोन उठाने के लिए तैयार नहीं। बिजली विभाग की बागडोर प्राईवेट कर्मचारियों के हाथ बिजली विभाग के कुछ कर्मचारियों का दो टूक सीधा जवाब होता है बिजली उपर से बंद है। इस भीषण गर्मी में जहां ग्रामीण परेशान है वहीं किसान भी बेबस है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सुधार कार्य करवाने से समस्या दूर हो सकती है मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अधिकारियों से ध्यान देने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम रामपुर में जल संवाद, पेयजल एवं सामाजिक सुरक्षा पर संवाद से समाधान

**पन्ना।** स्वयंसेवी संस्था समर्थन अजयगढ़ के ग्राम रामपुर में पेयजल एवं सामाजिक सुरक्षा के मुददो पर जल संवाद किया एवं गांव में हल खेजने पर जार दिया गया। गांव में 10 हैन्डपम्प में से 4 चालू पाये गये। ग्रामीणो ने हैन्ड पम्प में पाईप डालने की आवश्यकता वताई। गांव में कुआ भी है लेकिन उपयोगी नही है। सामाजिक सुरक्षा की समस्या में आधार और दस्तावेज में उम्र का मिलान नही होना पाया गया। राशन पर्ची नही होन वाले हितग्राही भी गांव में मिले। जल संवाद में लगभग 40 लोगो ने भाग जिया समर्थन से पंचायत मित्र आरती सिंह एवं बाबूलाल रजक समन्वयक फरीदा बी एवं लखन लाल शार्मा ने लोगों की समस्याओं को सुना एवं मंगल वार की जनसुनवाई में लोगो को समस्या रखने एवं पजीयन कराने की वात कही है। संस्था के टीमलीडर ज्ञानेन्द्र तिवारी ने कहा की स्थानी स्तर ग्राम पंचायतो में मंगलवार को जनसुनवाई एक बड़ा जरिया होगा ग्रामीणो को भटकना नही पड़ेगा गांव में ही समस्या का समाधान होगा।

### बिरसा मुण्डा स्वरोजगार एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना

**पन्ना।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार सदस्यों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर के लिए भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक लाख से 50 लाख रुपये तक की उद्योग परियोजना शामिल है। इसमें आवेदन की आयु 18 से 45 वर्ष, आवेदक 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो और आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। ब्याज अनुदान अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा।

अवैध खनन: वनपरिक्षेत्रों में वनकर्मियों और पंचायत कर्मियो ठेकेदारों की मिलीभगत से चल रहा गोरखधंधा

# वन परिक्षेत्रों में वैध खदान नहीं लेकिन निर्माण कार्यों में खप रहा अवैध पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सरकारी मद से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में अवैध रूप से पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है जिससे सरकार को हर माह लाखो का नुकसान हो रहा है। लेकिन जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। गौरतलब है कि उप वनमंडल के अंतर्गत चार रेंज आते हैं। जहां वन विभाग की भूमि से लगी हुई है। इन क्षेत्रों में वन माफिया और ठेकेदार क्षेत्र के बीट गार्डों और वन परिक्षेत्र अधिकारियों से मिलकर अवैध खनन कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा खनन माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने से बैखोफ होकर जंगल के पत्थर का खनन किया जा रहा है। वन विभाग की उदासीनता के चलते खनन माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। उप वनमंडल के अंतर्गत आने वाले तेन्दूखेड़ा तारादेही तेजगढ़ और झलोन वन परिक्षेत्रों में विभिन्न जगहों से निकाले जा रहे हैं। पत्थर को खनन माफिया और ठेकेदारों द्वारा क्षेत्र के मजदूरों से एकत्रित कर ट्रैक्टर ट्राली से ग्राम पंचायतों में बन रही खकरी बाउंड्री पुलिया स्टापडेम सड़क आदि में खपाया जा रहा है।



सभी ग्राम पंचायतों में वन भूमि से पत्थर निकालकर एवं जंगलों में लगी पुरानी खकरी उठाकर ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों में खपाया जा रहा है। तेन्दूखेड़ा ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में करोड़ों के निर्माण कार्य किए गए हैं जिनमें ग्राम पंचायतों में वन भूमि का करोड़ों रुपए का अवैध पत्थर लगाया गया है।

### चारों वनपरिक्षेत्र में एक भी घोष विक्रय खदान नहीं

उपवन मंडल के अंतर्गत तेन्दूखेड़ा तारादेही तेजगढ़ और झलोन वन परिक्षेत्रों में एक भी घोष विक्रय खदान नहीं है। जिससे पत्थर की खरीदी की जा सकें यह बात विभागीय अधिकारियों के सज्ञान में होने के बावजूद भी ग्राम पंचायतों में अवैध पत्थरों से किए जा रहे निर्माण कार्यों पर जुर्माना नहीं किया गया है न ही अब तक किसी वन माफिया पर वसूली की कार्रवाई हुई। सवाल यह है कि वैध खदान नहीं होने के बावजूद इतनी बड़ी मात्रा में पत्थर कहा से आ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अवैध पत्थर निकालने की शिकायत अधिकारियों से करने पर वह एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

### वनकर्मियों की मिली भगत

जनपद के अंतर्गत आने वाली 62 ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में खकरी का निर्माण कार्य चल रहा है जहां ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिव और रोजगार सचिव द्वारा पंचायतों में खकरी बनाई जा रही लेकिन इन ग्राम पंचायतों में बन रही है। खकरी निर्माण कार्य में पत्थर कहा से पहुंच रहा है। इसका पता सबको होता लेकिन कोई ध्यान नहीं देता है । क्योंकि जनपद के अधिकारियों से लेकर ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव रोजगार सचिवों की वन अमले से मिली भगत और कुछ पैसों को देकर जंगलों का पत्थर उठाया जाता है ।

उप वनमंडल के चारों वन परिक्षेत्र की जंगलों में बड़ी संख्या में पत्थर पाए जाते हैं और जंगलों में बड़ी संख्या में पत्थर मौजूद है । लेकिन जंगली पत्थरों का दोहन किया जा रहा है । गौरतलब है कि जंगल में जहां तहां पत्थर पड़े रहते हैं इन पत्थरों को वन विभाग की बिना अनुमति के बिना कोई रोक-टोक के ब्लॉक भर की ग्राम पंचायतों में ले जाया जा रहा है। जबकि नियमानुसार वन विभाग की भूमि से बिना अनुमति के कुछ भी नहीं निकाला जा सकता है। शासन द्वारा मजदूरों को रोजगार देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों लाखों करोड़ों रुपए जारी किए जाते हैं लेकिन इन पैसों का बंदरबांट किया जाता है। वहीं ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव रोजगार सचिव द्वारा जंगल के पत्थर उठाकर खकरी निर्माण करवाकर पत्थर खरीदी के बिल लगा रहे हैं । जबकि दूसरी ओर ब्लॉक और वन परिक्षेत्रों में एक भी वैध खदान नहीं है लेकिन ग्राम पंचायतों में जंगलों के पत्थरों को खपाया जा रहा है। इस और ना ही जनपद के उपयंत्री कोई ध्यान दें रहे हैं और ना ही वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही।

इस संबंध में उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक कुमार दुबे से बात की गई तो उन्होंने कहा अगर ग्राम पंचायतों में जंगल के पत्थरों से खकरी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है तो मैं जांच करवाता हूं अगर वनकर्मियों की मिलीभगत से जंगल से पत्थर उठवाएं जा रहे है तो मैं जानकारी लेता हूं।

# आर्यिकाश्री मृदुमति माताजी की हटा में हुई भव्य अगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीष से अभिसिंचित उपकाशी हटा नगरी में विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से जेष्ठ श्रेष्ठ आर्यिका रत्न श्री मृदुमति माताजी एवं आर्यिकारत्न श्री निर्णयमति माताजी का भव्य मंगल प्रवेश हुआ ।इस अवसर पर आर्यिका संघ की गाजे बाजे के साथ भव्य अगवानी की गई ।शोभा यात्रा जुलूस में सर्वप्रथम डीजे, इंडियन ब्रास बैंड पार्टी मुड़िया, ढोल नगाड़े, पचरंगी ध्वज पताका लहराती महिलाएं ,पाठशाला के नन्हे बालक बालिकाएं, डांडिया नृत्य करती बालिकाएं, मधुर ध्वनि गुंजायमान करते दिव्य घोष ,मंगल कलश लेकर नृत्य करती पीले परिधान में महिला मंडल ,पूज्य माताजी ससंघ, पीछे महिला वर्ग एवं उसके पीछे पुरुष वर्ग चल रहे थे ।जगह-जगह तोरण द्वार लगाए गए थे। रास्ते में पुरुषोत्तम साहू परिवार द्वारा माताजी का पाद प्रक्षालन किया गया ।पूर्व विधायक विजय सिंह राजपूत ने श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जगह-जगह माता जी का पाद प्रक्षालन आरती की गई लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया । आर्यिका संघ दमोह नाका से नवोदय विद्यालय, अंधियारा बगीचा, गर्ल्स स्कूल ,मंदिर मस्जिद मार्केट, बड़ा बाजार होते हुए श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पहुंचा। जहां माताजी दर्शन के उपरांत मंच पर विराजमान हुई। इस अवसर पर पूज्य आर्यिकारत्न श्री मृदुमति माताजी ने मंगल प्रवचन देते हुए सर्वप्रथम स्वरचित ओ बुंदेली के देवता कुंडलपुर के बाबा तुम्हें प्रणाम गीत का स्वर वाचन किया। माता जी ने कहा आप लोगों ने कुंडलपुर के बड़े बाबा की आराधना करते हुए दिव्य घोष की मधुर ध्वनि के साथ हमारा नगर प्रवेश कराया। इस चातुर्मास में अनुशासन के साथ अपने जीवन को सार्थक करना है ।अपनी दिनचर्या में से समय निकालना है मंदिर आकर धर्म ध्यान करना है। आचार्य श्री हमारे बीच नहीं है पर आचार्य श्री परोक्ष में हमें जीवन की क्षणभंगुरता का भान करा रहे है ।आचार्य श्री हटा से हटकर जब रहली पटनागंज पधारे थे उसी समय हमने वहां आचार्य श्री के दर्शन किए थे ।आचार्य श्री हटा आए थे हटा का काफी नाम सुना था अब आज हटा को देख रहे हैं। इस अवसर पर विदुषी ब्रह्मचारिणी पुष्पा दीदी ने भी मंगल उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन जयकुमार जैन जलज ने किया। सकल जैन समाज की उपस्थिति रही । सकल जैन समाज हटा ने आर्यिका संघ को चातुर्मास हेतु श्रीफल अर्पित कर निवेदन किया।आर्यिका संघ की आहारचर्या नगर में संपन्न हुई। नगर से 4 किलोमीटर दूरी पर अभिषेक पेट्रोल पंप पर आर्यिका संघ ने रात्रि विश्राम किया ।जहां पर पुरुषोत्तम साहू परिवार द्वारा रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम कराया गया। आचार्य श्री की मंगल आरती एवं भजनों की सुंदर प्रस्तुति हुई ।हटा नगर में मंगल प्रवेश के दौरान आर्यिकारत्न श्री मृदुमति माताजी ने कहा सेव का रस पीने से शराब दूर हो जाती है। मांस मदिरा का सेवन न करें। जाति कोई भी हो लेकिन स्वभाव नेचर अच्छा होना चाहिए।

# बाल वाटिका में मनाई गई गुरु पूर्णिमा



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में शाला के प्रधानाचार्य अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में 20 जुलाई को वाल वाटिका के छात्रों के द्वारा गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संचालिका श्रीमति सुनीता गुप्ता एवं वालवाटिका की कॉर्डिनेटर श्रीमति सूर्या ठाकुर के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्र विविध परिधानों में विद्यालय पहुँचे और छात्रों के द्वारा विविध प्रकार की प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका ने कहा कि गुरु का सम्मान करना चाहिए, गुरु के बिना कुछ भी संभव नहीं है। आज हम जीवन में जो कुछ भी हासिल कर रहें हैं उसमें महत्वपूर्ण योगदान हमारे गुरु का है। जो हमें नैतिक के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी देते हैं। जिसका हम उपयोग कर जीवन में आगे बढ़ते हैं। विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्राचीन भारतीय संस्कृति की पहचान कराना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वालवाटिका के समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा।

# किसान संघ का कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन



**दमोह।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला दमोह की तहसील जबेरा का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं निर्वाचन प्रक्रिया शिव मंदिर प्रांगण जबेरा में 20 जुलाई को हुई। जिसमें प्रदेश प्रांत जिला एवं तहसील के पदाधिकारी और समस्त ग्राम समितियों के अध्यक्ष, मंत्री एवं सदस्य उपस्थित रहे। तहसील अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह राजपूत ने पूर्व तहसील समिति को भंग करने की घोषणा की। जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी चन्द्रभान सिंह की अध्यक्षता में पटेरा संयोजक मयंक श्रीवास्तव, सह मंत्री श्रीराम पटेल, श्रीराम पटेल ने निर्वाचन प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए नामों की घोषणा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से सुरेन्द्र सिंह लोधी को तहसील अध्यक्ष, निजाम सिंह लोधी को तहसील मंत्री, तहसील उपाध्यक्ष का बसंत यादव, तहसील संवाद प्रमुख प्रवीण कुमार दुबे, प्रीतम सींग तहसील सहमंत्री, तेजी सिंह युवा वाहिनी अध्यक्ष के साथ उपस्थित सदस्यों के लिए दायित्व सौंपे गए। सभी ग्राम समिति अध्यक्ष ने अपने-अपने ग्राम में हर माह बैठक करने की शपथ ली। अध्यक्ष चंद्रभान पटेल ने नए कार्यकर्ता को संगठन की कार्य प्रणाली से अवगत कराया एवं ऊर्जा से कार्य करने हेतु कहा। पटेरा संयोजक मयंक श्रीवास्तव ने ग्राम ग्राम में संगठन के लिए मजबूत करने के लिए ग्राम समिति बनाने की जानकारी दी। जिला सहमंत्री राम पटेल ने संगठन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उपस्थित जिला एवं तहसील पदाधिकारियों ने नव नियुक्त कार्यकारिणी के लिए तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी।

## किसान ने प्रयोग के तौर पर लगाये काजू के पौधे



**बनवार।** आम लोगों की पहुंच से दूर रहने वाला काजू किसानों की बागवानी का हिस्सा बन जाए चौंकना लाजिमी है। लेकिन यह हकीकत है दमोह जिले के जबेरा ब्लाक में आने वाले ग्राम बीजाडोंगरी के एक किसान उत्तम अहिरवार ने बताया 1 वर्ष पहले विशाखापत्तनम आंध्र प्रदेश दो नारियल के पौधे पांच पौधे काजू के लाए थे। घर की बागवानी लगाए जो एक वर्ष में बेहतर ग्रोथ के साथ सुरक्षित है जो की 5 वर्ष में फल देने लगेंगे। किसान का कहना है प्रयोग के तौर पर काजू के पौधे लगाए गए हैं। यदि प्रयोग सफल रहता है तो मुमकिन है कि काजू की खेती से किसान नगद खेती के साथ बेहतर आमदनी कमा सकता है और नारियल के पौधे पूरी साल फल देने वाली खेती कर सकता है।

## भैंस से टकराये पति पत्नी घायल

**तेन्दूखेड़ा।** शनिवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर तेज रफ्तार बाइक सवार पति पत्नी अंधेरे में भेंस से टकराने गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार भेड़ाघाट जबलपुर से नर्मदा जी के दर्शन करके वापस अपने घर बाइक से धनेटा जा रहे थे कि बगदरी के समीप सड़क पर अचानक से भैंस आ जाने से बाइक सवार भैंस से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां राहगीरों द्वारा घटना की जानकारी 108 वाहन को दी गई। जहां हादसे की जानकारी लगते ही 108 वाहन से पायलट कृष्ण यादव डाक्टर संदीप ठाकुर मौके पर पहुंचे और हादसे में घायल हुए प्रभु दयाल पिता हल्के सेन उम्र 53 वर्ष निवासी धनेटा ममता पति प्रभु दयाल सेन उम्र 50 वर्ष निवासी धनेटा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही बताया गया है दोनों पति-पत्नी हैं और सुबह भेड़ाघाट जबलपुर गए थे। जो वापस अपने घर धनेटा जा रहे थे लेकिन रास्ते में बगदरी के पास अचानक से अंधेरे में भैंस आ गई। बाइक अनियंत्रित होकर भैस से टकरा गए जहां बाइक की रफ्तार तेज होने के चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# स्कूल में मनाई गुरू पूर्णिमा

**दमोह।** एम.बी.के. चिल्ड्रंस पैराडाइज स्कूल तेंदूखेड़ा में गुरुपूर्णिमा के उत्सव को अलग अंदाज में मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों एवम बच्चों ने अहम



भूमिका निभाई। मां सरस्वती पूजन के साथ शिक्षकों ने बच्चों को गुरु की महिमा के बारे में बतलाया। इसके बाद बच्चों ने भी गुरु को प्रणाम करते हुए अपनी अपनी प्रस्तुति दी एवम 'गुरु' विषय पर निबंध प्रतियोगिता में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही गीत, शायरी और भाषण के माध्यम से गुरुओं के मन को मोह लेने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एस के साहू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए यह भी बताया की गुरु का सच्चा सम्मान तब होगा जब आप अपने जीवन में निखार लायेंगे देश हित में सहयोग की भावना रखेंगे । उन्होंने सभी शिक्षकों और बच्चों से कल रविवार दिनांक 21 जुलाई 2024 को एक पौधा मां और गुरु के नाम लगाने का आव्हान किया जिसे अब साथ मिलकर संपन्न करेंगे।

## गुरू पूर्णिमा के साथ हुई बाल सभा



**हिण्डोरिया।** समीपस्थ शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पिपरिया कला में गुरु पूर्णिमा के साथ-साथ बाल सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह के कार्यकर्ता सुजात खान एवं शाला प्रधानाध्यापक शफीक खान आयोजन मे बतौर अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर सरस्वती पूजा एवं वंदना के पश्चात सभी ने गुरु की महिमा एवं उनकी प्रत्येक मानवीय जीवन मे आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रधानाध्यापक शफीक खान ने एकलव्य के गुरु प्रेम पर विस्तार से समझाया। शिक्षक भगवान सिंह, विश्व प्रताप सिंह, कमलेश साहू ने भी गुरु पूर्णिमा पर्व एवं बाल सभा गठन के उददेश्य पर प्रकाश डाला। अतिथि सुजात खान ने बच्चों को गुरू- शिष्य जंग की एक शानदार शिक्षाप्रद कहानी सुनाई साथ ही एक बिना सर पैर वाले पक्षी एवं सर पैर वाले पक्षी दोनों के दैनिक जीवन के फर्क को समझाया। श्री खान ने इस मौके सर्व धर्म प्रार्थना कराते हुये बाल अधिकार एवं सरंक्षण पर विस्तार से चर्चा कर कहा देश- प्रदेश मे 18 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा का कानून बनाया जाना चाहिये एवं बाल विवाह रोकने हर पंचायत मे वर-वधु के विवाह पूर्व पंजीयन किये जाने की व्यवस्था लागू होना चाहिए। इस मौके पर समस्त शालेय परिवार मौजूद रहा।

## पैग़ामें शोहदा-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस संपन्न



**दमोह।** शहादत का पर्व मोहर्रम के चलते स्थानीय नगर के चमन चौक के पास गाज़ी मियां चौक इमाम बाड़ा कुआ प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय नौजवानों की ताजदार ए मदीना कमेटी गाजी मियां चौक द्वारा अंजाम ए कर्बला एवं पैग़ाम ए शोहदा ए कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ जिसमें स्थानीय मौलानाओं हफिजों द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे शहीदे आज़म हज़रत इमाम हुसैन की शहादत के बाद का वाक़्या बयान किया वहीं स कर्बला में इमाम हुसैन और उनके ख़ानदान की शहादत के बाद शोहदा ए कर्बला दुनियाँ भर के लोगों के लिए क्या पैग़ाम दे गए उस पर विस्तार से मौलानाओं ने रौशनी डाली जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मौलाना तहसीन रज़ा साहब ईमाम कछियांन मस्जिद व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शहर की ज़ामा मस्जिद के इमाम हाफ़ज़ि मुनव्वर रज़ा साहब ने बेहतरीन बयान फरमाया और शहीदाने कर्बला का पैग़ाम आम किया वहीं दीगर मौलानाओं में हाफ़ज़ि अब्दुल माज़दि साहब , मौलाना इरफ़ान नूरी,हाफ़ज़ि शहंशाह रज़ा हाफ़ज़ि आदिल साहब के अलावा दीगर मौलाना व हफिजों ने शिरक़त की। इसके अलावा प्रसिद्ध शायरे इस्लाम शायर ताबिश नैयर साहब ने नातिया कलाम व शहीदे आज़म इमाम हुसैन की शान में कलाम पढ़े । कार्यक्रम का सफल संचालन हाफ़ज़ि ख़लील साहब ने किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की उपस्थिति रही। प्रोग्राम के आखिर में फ़ातिहा में मुल्क में अमन चौन के लिए सामुहिक दुआ की गई लंगर बाँटा गया।

### गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया

दमोह। डॉ अग्रवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बहुत उत्साह पूर्वक गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के उपाध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष ज्ञान ज्योति का प्रज्ज्वलन कर पुष्प अर्पित किये। विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पहार से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर शाला के प्रभारी प्राचार्य सुनील जैन वेजीटेरियन ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं हैं। गुरु को गोविंद से भी बडा इसलिए कहा गया हैं क्योंकि गुरु ही प्रभु का पता बताता हैं गुरू के उपकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज की व्यावसायिक शिक्षा के कारण गुरू का महत्व घटता जा रहा हैं। विश्व गुरु भारत को पुनः गुरु की महिमा को पुनः प्रतिष्ठित करना होगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा गुरु की महिमा पर सुंदर गीत एवं भाषण की शानदार प्रस्तुति दी गई। शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार प्रकट किये। इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता, जोसफ एंटोनी, सुनील वेजीटेरियन, पी.के.पांडे, प्रवीण श्रीवास्तव, गायत्री श्रीवास्तव, शिवानी, प्रियंका, रंजीता, प्राची, प्रशांत दुबे, पुष्पेन्द्र, सुंदर विश्वकर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# आस्था के केंद्र है पंचमुखी हनुमान मंदिर, गुरु पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में पहुंचते है श्रद्धालु

**बनवार।** गुरु पूर्णिमा का महत्व गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है। यही बजह है कि क्षेत्र में ऐंसे अनेकों सिद्ध संत हुए जिनकी कर्म भूमि का प्रताप कहें या फिर गुरु का आशीर्वाद जिनके चमत्कारों से क्षेत्रवासी आज भी अभिभूत है। कुसमी मानगढ़ में दशकों पहले रहें समाधिलीन संत श्री दिगंबर ओमकार गिरी जी महाराज जिनके



निर्माण काल की देन कुसमी मानगढ़ मठ आज भी समूचे क्षेत्रवासियों के प्रमुख दर्शनीय स्थल बना हुआ है। जिनके चमत्कारों के बारे में क्षेत्रवासी बताते हैं संत श्री की कृपा और चमत्कारों के चलते कभी कुसमी क्षेत्र बंजर का भूमि हुआ करता था लेकिन संत आगमन काल से लेकर अब तक यह क्षेत्र कृषि के क्षेत्र ने सम्पन्न है। संत श्री के अंदर इतनी शक्तियां थी की पत्थर पर चमीटा मार कर पानी निकाल लेते थे। जिसका उदाहरण कुसमी संकट मोचन मढ़ा मंदिर चट्टानों के ऊपर एक हैंडपंप लगा हुआ जिसमें भरपूर पानी है लोग बताते है कि मन्दिर निर्माण के बाद पानी की समस्या से जैसे संत श्री को अवगत करवाया गया तो उनके द्वारा चट्टान पर चमिटा मारकर पानी निकाला गया था ओर आज भी चट्टान के उपर हैंड पंप लगा हुआ है। दूसरे संत बनवार के समीप शंकरगढ़ को अपना निवास स्थान बनाकर दशकों तक रहे संत श्री विष्णु दत्त शास्त्री जी जिन्होंने शंकरगढ़ धाम में बांदकपुर की तर्ज पर शिव पार्वती मन्दिर का निर्माण करते हुए पहाडी पर लगे हजारों पोधों को संरक्षित कर पूरी पहाड़ी हो हरा भरा बना दिया। जहा आज हजारों वृक्षों का जंगल खड़ा हुआ है। और शंकरगढ़ धाम में स्तिथ गौशाला में सैकड़ो को गौ माताओ का लालन पालन हो रहा है। इस स्थान के बारे में बताते हैं शंकरगढ़ के कण कण मैं भगवान शिव का वास यहाँ की आवोहवा आध्यात्मिक शांति के लिए जानी जाती है तीसरे संत बम्होरी क्षेत्र के में दशकों पहले रहे श्री रामायणी दास त्यागी जी महाराज जिनके सानिध्य सिमरी जालम में पंचमुखी हनुमान जी मंदिर का भव्य निर्माण हुआ। जो आज क्षेत्र के प्रमुख आस्था का केंद्र हैं। जहाँ पंचमुखी हनुमान मंदिर भव्य धार्मिक आयोजन होते रहते है। गुरु पूर्णिमा उपलक्ष्य मे कुसमी मढ़ा मन्दिर शंकर गढ़ और सिमरी पंचमुखी मन्दिर में गुरु प्रतिमाएं स्थापित है। जहां प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया जाता और गुरु प्रतिमाओं के दर्शनों के लिए क्षेत्र भर से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप

### आर्थिक सहायता से सबधित समस्याएं भी सुनी जायेगी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के आम नागरिकों से कहा है 23 जुलाई को जनसुनवाई है, जनसुनवाई में सामान्य जनसुनवाई के साथ एक थीम आधारित जनसुनवाई भी रखी जा रही हैं, उसके तहत आगामी जनसुनवाई की जो थीम है, उसमें कलेक्टर कार्यालय की मंगलवार की थीम प्राकृतिक प्रकोप से हुई जन हानि, पशु हानि, फसल हानि की आर्थिक सहायता से संबंधित समस्याओं की जनुसनवाई की जायेगी।

### समग्र आई.डी. बनाने जाने हेतु निर्देशित किया जाये-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार को ने बताया जिला शिक्षा केन्द्र दमोह के सभाकक्ष में एफएलएन के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित शिक्षकों के द्वारा अवगत कराया गया है कि 5 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बच्चों की समग्र आई.डी. न होने के कारण कक्षा 01 में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं, इसके साथ ही ऐसे बच्चें जो शालाओं में विभिन्न कक्षाओं में दर्ज है, परन्तु समग्र आई.डी. न होने के कारण बच्चें समग्र पोर्टल पर मेप नहीं हो पाते है और नामाकंन कम प्रदर्शित होता है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया है कि अभिभावकों को अपने बच्चों की समग्र आई.डी. बनवाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित करते हुये कहा है कि शालाओं में दर्ज होने वाले बच्चों एवं अभिभावकों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की शालाओं में अध्ययनरत 5 वर्ष से अधिक एवं 6-14 आयु वर्ग के बच्चों की समग्र आई.डी. बनाने का कार्य 07 दिवस में पूर्ण कराये जाने हेतु संबंधित सचिव/सहायक सचिव को ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर इस कार्य को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करें, ताकि बच्चों को शाला में दर्ज कराकर शिक्षा पोर्टल पर मेप कराया जा सके, जिससे बच्चों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकें।

### प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले की विकासखंड बटियागढ़ के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला सगरोंन में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक संजय कुमार तंतुवाय द्वारा अक्सर शराब पीकर स्कूल में आने की शिकायत हेल्पलाइन पर होने तथा जांच में शिकायत सही पाये जाने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

### कई पात्र जिन्हें नहीं मिला आवास, बरसात के दिनों में मुश्किलों से होता है जीवन यापन

# गरीबों को नहीं मिला आशियाना बरसाती लगाकर कर रहे गुजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



एक ओर जहां प्रदेश सरकार लाखों लोगों को कुटीर देने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर आज भी आम गरीब व्यक्ति बरसात के इस मौसम में बल्ली बरसादी लगाकर अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। ऐसा ही एक वाक्या ग्राम गैसाबाद मै साफ देखा जा सकता है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के वार्ड क्रमांक 15 के निवासी द्वारका बर्मन बरसात के इस मौसम में अपने बच्चों के साथ एक टूटे-फूटे मकान में रह रहे हैं। मकान के ऊपर का छप्पर गिर जाने से लकड़ी की बल्ली लगाकर बरसादी ऊपर डालकर गुजारा कर रहे हैं। द्वारका बर्मन ने हरिभूमि को बताया कि मेरा नाम आवास हीन की सूची में करीबन 1 वर्ष पूर्व आ गया था। लेकिन मुझे कुटीर आज तक प्राप्त नहीं हुई बरसात में इस खुले आसमान के नीचे मै अपना जीवन यापन करने को मजबूर हूं। मैंने कई बार पंचायत प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से कुटीर दिए जाने की गुहार लगाई। लेकिन कोई सुनाई नहीं हुई ,ग्राम में ऐसे कई लोग हैं जिनका नाम आवास हीन की सूची में दर्ज होने के बाद भी उन्हें कुटीर प्राप्त नहीं हो रही है। ग्राम की कविता पति राजकुमार पटेल जो दोनों पैरों से विकलांग है। इनका भी नाम आवास हीन की सूची में दर्ज है इन्होंने 181 पर शिकायत भी दर्ज कराई थी लेकिन इन्हें कुटीर आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई इसी तरह ग्राम के मकबूल खान ,नन्जू शा, बृजेश जैन, हरिदास आदिवासी जैसे दर्जनों पात्र व्यक्ति हैं जिनका आवास हीन की सूची में नाम दर्ज होने के बाद भी आज तक कुटीर प्राप्त नहीं हुई, जबकि ग्राम में कुछ ऐसे भी लोगों को पंचायत प्रशासन द्वारा पूर्व में कुटीर दी गई है। जिनके पहले से ही मकान मौजूद थे इतना ही नहीं पिछले कार्यकाल में पंचायत प्रशासन ने कुछ ऐसे लोगों को भी कुटीर प्रदान कर दी जिन्होंने छत के ऊपर दूसरी मंजिल पर कुटीर बनाई है। जबकि कुटीर उसे दी जाती है जिसके पास रहने को मकान नहीं होता है। इसे शासन प्रशासन की अनदेखी कहे या पंचायत प्रशासन की मनमानी की वास्तविक आम गरीब व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त नहीं हो पता है। जबकि बिचोलिया और सरपंच सचिव के समर्थक शासन की योजनाओं का लाभ अर्जित करने में सफल हो जाते है। ग्रामीण जनो ने एक बार फिर शासन प्रशासन से गुहार लगाई है की समय रहते हम गरीबों पर ध्यान देते हुए हमें कुटीर प्रदान की जाए ताकि हमारे बच्चों को परिवार को सिर छुपाने के लिए मकान प्राप्त हो सके। अब देखना यह है कि शासन प्रशासन खुले आसमान के नीचे अपना जीवन यापन करने वाले आम गरीब लोगों के लिए पीएम आवास कुटीर की कब तक व्यवस्था करती है या फिर यू ही भाई भतीजा बाद चलता रहेगा इस पूरे मामले पर जब ग्राम पंचायत गैसावाद सचिव धुन सिंह राजपूत से बात करनी चाही तो हमेशा की तरह आज भी उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

## मृदंगाचार्य पं. नाना साहेब पानसे स्मृति गुरूपूर्णिमा संगीत समारोह बकायन में आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्कृति विभाग भोपाल के तत्वावधान में देश के सबसे प्राचीन शास्त्रीय संगीत समारोह 130 वें मृदंगाचार्य नाना साहेब पानसे स्मृति गुरूपूर्णिमा संगीत महोत्सव 21 एवं 22 जुलाई 2024 को दमोह जिले के ग्राम बकायन में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल की



अध्यक्षता तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग राज्य कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया एवं हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गुरू पूर्णिमा आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक शेण्ड्ये, संरक्षक अरूण पलनीटकर एवं संयोजक अर्जुन पटैल तथा डॉ. आलोक सोनवलकर ने उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा संयोजित की जा रही दो दिवसीय संगीत सभाओं में सभी को सादर आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में प्रथम दिवस 21 जुलाई 2024 को सायंकालीन सभा में बकायन संगीत अखाड़ा के शिष्यगणों द्वारा स्वरांजलि एवं पारंपरिक बंदिशों के उपरांत इंद्राणी मुखर्जी कोलकाता द्वारा गायन, आलोक-डॉली दिल्ली द्वारा कथक युगल नृत्य, अनिरूद्ध जोशी पुणे/भोपाल द्वारा सितार वादन एवं निवेदिता पंड्या इंदौर द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। इसी प्रकार 22 जुलाई को सायंकालीन मंदिर सभा सायं 04 बजे से एवं रात्रिकालीन सभा सायं 08:30 बजे से होगी। बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगणों द्वारा परंपरागत बंदिशों की पुस्तुति, मोहन वीणा वादन पं. सतीष खानवलकर द्वारा, ओडीसी समूह नृत्य रोजलीना सुंदराय द्वारा, गायन विनय रामदासन द्वारा एवं समूह कथक नृत्य भैरवी विश्वरूप द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

## तेज रफ्तार का कहर, ट्रेक्टर से मालवाहक वाहन की हुई भिड़ंत

### फंसे चालक व साथी को मशक्कत कर निकाला



**हटा।** शुक्रवार की दरमियानी रात्रि हटा बटियागढ़ मार्ग पर कृषि उपज मंडी के सामने एक तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ट्रेक्टर से टकरा गया जहां मालवाहक क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक व साथी टक्कर के चलते मालवाहक में बुरी तरह फंस गये, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस थाना हटा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगो की मदद से मालवाहक में फंसे चालक व उसके साथी को घंटो की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। जानकारी के अनुसार रामचंद्र राजपाली व उसका साथी जाहर राजपाली दोनों निवासी बटियागढ़ अपना मालवाहक लेकर हटा की ओर आ रहे थे तभी हटा मार्ग पर कृषि उपज मंडी के सामने ट्रेक्टर से भिड़ गया जिससे दोनों बुरी तरह से मालवाहक में फंस गये जहां पुलिस व स्थानीय लोगो की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकाला गया एवं 108वाहन से सिविल अस्पताल भेजा गया वहीं घटना में घायलों को देखनें एसडीओपी नीतेश पटैल सिविल अस्पताल पहुंचे जहां उपचार उपरांत दोनों घायलों को जिला अस्पताल रैफर कराया गया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## 2 वर्ष पहले बना आंगनबाड़ी केंद्र हालत जर्जर



**पथरिया।** विगत करीब दो वर्ष पहले नगर परिषद द्वारा नगर के हनुमान मंदिर के माध्यमिक शाला के पास हाईस्कूल ग्राउंड परिसर में वार्ड नं 3 की आंगनबाड़ी केंद्र भवन व बाउंड्री वॉल का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया जिसमें संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया जिससे आंगनबाड़ी केंद्र भवन व बाउंड्री वॉल जगह जगह से जर्जर हालत में हो गई है। जिला कलेक्टर से मांग है कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र भवन की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जाएं। वही इस संबंध में परियोजना अधिकारी राजकुमार लडिया का कहना है कि मेरे द्वारा जिला कार्यालय व नगर परिषद को कई बार पत्र लिखा पर ना जाने क्यों कोई कार्यवाही नही हो पा रही है।

## सेवानिवृति के दो वर्ष बाद भी नहीं हो रहा अर्जित अवकाश का भुगतान

**पटेरा।** प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसियेशंस तहसील शाखा पटेरा अध्यक्ष मोहन ताम्रकार ने एक पत्र जारी कर गहन आश्चर्य व्यक्त करते हुये अविलंब लंबित अर्जित अवकाश का भुगतान करने की मांग की है। उन्होने पत्र में लेख किया है कि सेवानिवृत्ति के दो वर्ष बाद भी उनके व कई पेंशनर्स साथियों के लंबित अर्जित अवकाश का भुगतान नहीं हो रहा है। शाला प्राचार्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक कई चक्कर लगाने के बाद भी पेंशनर्स को परेशान करने की बात कही है। जो पेंशनर्स परेशान है उनमें मोहनलाल ताम्रकार, सब्बीर खान, महेश कुमार जैन, प्रकाश गुप्ता, प्रकाश गर्ग, रविशंकर रैकवार, कमल कुमार खरे, अनीता खरे, राजेन्द्र पाण्डे, चंद्रभान खरे, अतीकुर्र रहमान खान प्रमुख है जो अर्जित अवकाश को लेकर परेशान है।

## नीलम संगीत साधना केन्द्र में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न




**दमोह।** नीलम संगीत साधना केन्द्र पर गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर गुरु पूर्णिमा पर्व विद्यालय के बच्चों के बीच उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. धरमेश्वर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि आदित्य बाथरे व अध्यक्ष पं. श्याम सुन्दर शुक्ल के द्वारा मंत्रोचार के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम बच्चों के द्वारा सामूहिक रूप से माँ सरस्वती वंदना, भगवान जगन्नाथ स्वामी की वंदना तथा गुरु वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, तदुपरान्त अतिथि गण का तिलक लगाकर व पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संगीत के क्षेत्र में गुरुजी के रूप में पं श्याम सुन्दर शुक्ल गीतकार व संगीतकार एवं पं मुकेश कुमार दुबे संगीत आचार्य का विद्यालय परिवार व सभी बच्चों के द्वारा शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में गुरु को भगवान से साक्षात्कार कराने का सरल माध्यम बताया, विशिष्ट अतिथि ने गुरु को जीवन जीने का सही मार्गदर्शक बताया तथा कार्यक्रम अध्यक्ष श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में गुरु के बिना जीवन को एक निर्जन वन के समान निरुपित करते हुए गुरु के महत्व पर अनेक पहलुओं को बताया विद्यालय के बच्चों त्रिशा व लिली द्वारा समूह स्वर में राग भूपाली में छोटा ख्याल तथा राग अल्हईया बिलावल व भीमप्लासी में छोटा ख्याल की एकल गायन की प्रस्तुति दी गई। इसी तरह आरोही, दिशा व सृष्टि द्वारा राग बिहाग में छोटा ख्याल समूह में प्रस्तुत किया गया, अथर्व, सोहम व दिव्यश्री ने लहरा पेश किये, अभय कृष्ण, गर्वित व संदीप असाटी ने भी कार्यक्रम में भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन संगीत आचार्य मुकेश कुमार दुबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन हर्षिता बाथरे ने व्यक्त किया। विद्यालय की संचालक डॉ प्रेमलता नीलम ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करते हुए बच्चों के अभिभावकों को भी संगीत की शिक्षा दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नाबालिग से छेड़छाड के आरोपी को 6 वर्ष की सजा

**दमोह।** न्यायालय सुश्री महिमा कछवाहा, माननीय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो जिला दमोह ने आरोपी देवेन्द्र को 19 जुलाई को पारित निर्णय में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा *9एम/10 में 06 वर्ष का कठोर कारावास एवं धारा 7/8 में 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं धारा 363 भादवि में तीन वर्ष का कठोर कारावास, धारा 354 (क) भादवि में दो वर्ष का कठोर कारावास, धारा 506 (भाग-2) में 01 वर्ष का कठोर कारावास एवं धारा 341 भादवि में 01 माह का कठोर कारावास एवं कुल 3100 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। घटना का संक्षिप्त विवरण- फरियादी/बालिका ने अपने माता-पिता के साथ 20 मार्च.2023 को महिला पुलिस थाना दमोह में उपस्थित होकर अभियुक्त के विरूद्ध रिपोर्ट लिखाई कि वह दिन में करीब 2 बजे अपने घर में भाई के साथ टीव्ही देख रही थी। फिर बालिका अपनी माँ से पूछकर अपनी सहेली के साथ खेलने चली गयी। दोपहर करीब 3 बजे जब बालिका खेलकर घर वापिस लौट रही थी, उस समय अभियुक्त अपने घर के बाहर निकला और बालिका को रास्ते में रोककर कहने लगा कि उसका एक काम कर दो। तो बालिका ने कहा कि वह नहीं करेगी, घर जा रही है। तब अभियुक्त ने जबरदस्ती बालिका का हाथ पकड़ा और बालिका को अपने घर के अंदर ले गया। लिखित शिकायत के आधार पर महिला पुलिस थाना दमोह में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध कमांक 08/2023, धारा 341, 363, 506, 354 (क) भा.दं. सं. एवं धारा 7/8 पॉक्सो अधिनियम, 2012 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।बालिका एवं अन्य गवाहों के कथन लेख किये गये एवं अन्यअ सुसंगत विवेचना कार्यवाही पश्चासत अभियोग पत्र न्या यालय पेश किया गया। न्यायालय में आई मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य और अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को 06 वर्ष का कठोर कारावास एवं अर्थदण्डच से दंडित किया गया। मामले में पैरवी प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी कैलाशचंद पटेल के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री हेमंत कुमार पाण्डेंय द्वारा की गई एवं सहायक ग्रेड तीन श्री विनय नामदेव द्वारा आवश्याक सहयोग किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक श्रीमती गरिमा मिश्रा द्वारा की गई।

### वैश्य महासम्मेलन की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

# वैश्य बंधु में सुरक्षा संरक्षण का भाव पैदा करें- सुधीर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला दमोह की जिला कार्यकारिणी बैठक प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में एवं विशिष्ट अतिथि राकेश अग्रवाल, श्रीमति मालती असाटी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, जिला प्रभारी सुशील गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पदम इटोरिया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां महालक्ष्मी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से की गई। स्वागत उद्बोधन प्रभारी श्री गुप्ता ने दिया। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय उमाशंकर गुप्ता जी के नेतृत्व में समस्त मध्यप्रदेश में वैश्य महासम्मेलन की मूल इकाई, महिला इकाई एवं युवा इकाई कार्य कर रही है जिसमे वर्ष में सभी इकाई के कुल 13 कार्यक्रम तय वार्षिक है, मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल ने कहा कि यह वैश्य घटक के सभी वर्गो को एकत्रित करने का प्रण पूर्व मुख्य मंत्री बनारसी दास गुप्त ने लिया था जिसको मध्यप्रदेश में आदरणीय स्व नारायण प्रसाद गुप्ता एवं वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने इसको आगे बढ़ाया और आज हम अपनी इकाई मध्यप्रदेश के प्रत्येक संभाग से लेकर तहसील इकाई तक गठित है एवं प्रदेश की समस्त पंचायत तक हमारे संपर्क सदस्य है। बैठक में जिले की सभी तहसील से पधारे पदाधिकारी, महिला इकाई एवं युवा इकाई जो आज छोटे से आग्रह पर आए यह दर्शाता है की सभी की इच्छा यही है जो प्रण आदरणीय गुप्ता जी ने लिया है। आज समय है जिस घटक मां हम पैदा हुए उसमे अपने आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ कर के जाए, जब हम एकत्रित होंगे तो अपनी बात सही पटल पर रखने एवं वैश्य घटक में सुरक्षा, संरक्षण को चरितार्थ कर पाएंगे इसके लिए आवश्यक है की प्रत्येक पदाधिकारी अपने अपने संभाग, जिले एवं तहसील में अपने आजीवन सदस्य, पदाधकारी एवं वैश्य बंधुओं के संपर्क में रहे, प्रवास करे तभी आपके संगठन का दायरा एवं जिम्मेदारी का अनुभव आएगा। इसके पहले बैठक में जिले की सभी तहसील से पधारे पदाधिकारी ने अपना अपना प्रतिवेदन दिया बटियागढ से बाबूलाल जैन उपाध्यक्ष बसंत गुप्ता युवा अध्यक्ष अनिल जैन महिला अध्यक्ष सरला गुप्ता ने अपनी अपनी इकाई का प्रतिवेदन दिया, पटेरा से प्रभारी नरेंद्र बजाज ने पटेरा की गतिविधियों पर प्रकाश डाला साथ ही एवं जिला बैठक पटेरा एवं तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर में करने का आग्रह किया। पथरिया युवा प्रभारी प्रदीप जैन युवा जिला प्रभारी सौरभ जैन युवा अध्यक्ष राकेश राठौर ने दिया। हट्टा से जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल की उपस्थिति में तहसील की गतिविधि एवं इकाई गठन की विस्तार चर्चा प्रभारी प्रदीप गुप्ता अध्यक्ष रितेश अग्रवाल ने बताया , तेंदूखेड़ा इकाई अध्यक्ष विवेक जैन अनिल जी के साथ प्रतिवेदन दिया , जबेरा तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र जैन श्रीमति शैली जैन प्रभारी आशीष जैन बनवार के साथ पधारे नए सदस्यों की सदस्यता करवाई एवं प्रतिवेदन दिया। वही दमोह नगर का प्रतिवेदन के सी अग्रवाल की उपस्थिति में अध्यक्ष सत्यप्रकाश पप्पू असाटी ठेकेदार ने सुरेंद्र जैन मीनू सुरेका के साथ नगर में की गई। गतिविधि एवं गुड़ी परवा वैश्य दिवस, राम नवमी, महावीर जयंती हनुमान जयंती पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम होली किया । संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल जी ने वैश्य भवन भोपाल की जानकारी दी। सभी इकाई कें पदाधिकारी से अपना अपना प्रवास, कर्तव्य निर्वहन एवं एकता का परिचय संवाद करने कहा साथ ही तय ग्वालियर में आयोजित होने वाले खेल लीग में दमोह का प्रतिनिधित्व हो ऐसा सबसे आग्रह किया। दमोह जिले के अध्यक्ष पदम इटोरिया ने जिला का प्रतिवेदन एवं वैश्य भवन भोपाल में ईंट दमोह के नाम से भी लगे के तहत सहयोग आग्रह किया था जिसका अधिकतर बंधुओं के विश्वास बढ़ाया अपना अपना सहयोग देकर। महिला इकाई का प्रतिवेदन जिला प्रभारी विद्या असाटी जिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता नगर अध्यक्ष अनिता अग्रवाल ने अपनी अपनी बात कहकर रखा। युवा इकाई से संभाग प्रभारी प्रतिवेदन जुगल अग्रवाल ने जिला प्रतिवेदन अध्यक्ष विकास अग्रवाल राजू नामदेव शिवम अग्रवाल ने रखा, बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी में पूर्व जिला अध्यक्ष शिव अग्रवाल राकेश अग्रवाल शटर, लखन गुप्ता, किशोर अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन कार्यालय मंत्री सी के अग्रवाल महेंद्र गुप्ता ललित असाटी एड विकल्प जैन, मीडिया प्रभारी विनय असाटी, भोले सराफ हट्टा भाजपा पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष, सौरभ नेमा, स्वप्नेश अग्रवाल रवि अग्रवाल तूफान सहित बढ़ी संख्या में बच्चे महिलाए एवं वैश्य बंधु ने इस बैठक में अपनी सहभागिता देकर एकता का परिचय दिया, संचालन युवा संभाग प्रभारी जुगल अग्रवाल एवं आभार राजकुमार नामदेव जिला संयोजक शिक्षा एवं साहित्य प्रकोष्ठ ने माना।